भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1271
सोमवार, 25 नवम्बर, 2019/04 अग्रहायण, 1941 (शक)

बेरोजगारी में वृद्धि

1271. श्री राम मोहन नायडू किंजरापुः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में बढ़ती बेरोजगारी के क्या कारण हैं; और

(ख) सरकार द्वारा गत दस वर्षों के दौरान स्थायी आधार पर की गई भर्ती की वर्ष-वार संख्या कितनी है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क एवं ख): राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 के दौरान आयोजित किए गए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) तथा श्रम ब्यूरो, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा आयोजित किए गए रोजगार-बेरोजगारी संबंधी वार्षिक सर्वेक्षण के परिणामों के अनुसार, 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित बेरोजगारी दर नीचे दी गई हैः

बेरोजगारी दर	
सर्वेक्षण*	अखिल भारत
2017-18 (पीएलएफएस)	6.0%
2015-16 (श्रम ब्यूरो)	3.7%
2013-14 (श्रम ब्यूरो)	3.4%

(टिप्पणीः *पीएलएफएस एवं श्रम ब्यूरो सर्वेक्षण में सर्वेक्षण की कार्य-पद्धति तथा प्रतिदर्श का चयन अलग-अलग है।)

वेतन और अनुसंधान इकाई, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन और भत्तों पर प्रकाशित वार्षिक रिपोर्टों, जिसमें केंद्र सरकार के कर्मचारियों (राजपत्रित/अराजपत्रित) की सूचना निहित है, के अनुसार, केंद्र सरकार के वर्ष 2007 से 2016 तक नियमित कर्मचारियों की अनुमानित संख्या नीचे दी गई है:

केंद्र सरकार में नियमित सिविलियन कर्मचारी (केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर)		
वर्ष (1मार्चतक ,)	संस्वीकृत पदों की संख्या (लाख में)	वर्तमान में कर्मचारियों की संख्या (लाख में)
2007	35.47	31.09
2008	35.62	31.17
2009	35.64	31.07
2010	36.02	30.68
2011	36.63	30.82
2012	36.85	30.85
2013	37.17	31.14
2014	36.46	32.24
2015	36.49	32.29
2016	36.34	32.21

स्रोतः वेतन अनुसंधान इकाई, वित्त मत्रंलाय

*****